<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–05.10.2025 (सुबह–0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–पीएम–सेतु योजना देश के युवाओं को विश्व की कौशल मांगों से जोड़ेगी।
- झारखंड कांग्रेस के 25 जिलाध्यक्षों की सूची जारी, विधायक ममता देवी रामगढ़ की जिलाध्यक्ष और स्टीफन मरांडी दुमका जिलाध्यक्ष बनाए गए।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने सात से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ किया, एक वर्ष के लिए रहेगी लागू।
- राज्य के कई हिस्सों में आज भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए जारी किया येलो अलर्ट।
- झारखंड पेंटाथलान टीम इंदौर रवाना, 14 वीं राष्ट्रीय बायथल ट्रायथल प्रतियोगिता में लेगी भाग, आज से 7 अक्टूबर तक चलेगी स्पर्धाएं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पीएम–सेतु योजना देश के युवाओं को दुनिया की कौशल आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करेगी। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में कौशल दीक्षांत समारोह के दौरान जोर देकर कहा कि इस योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. का नेटवर्क वर्तमान उद्योग कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने और अगले दस वर्षों में भविष्य की मांगों का अनुमान लगाने के लिए तैयार किया जा रहा है।

****

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने झारखंड कांग्रेस के 25 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में रांची महानगर का अध्यक्ष एक बार फिर से कुमार राजा को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, रामगढ़ की विधायक ममता देवी को रामगढ़, भूषण बाड़ा को सिमडेगा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया वहीं स्टीफन मरांडी को पार्टी ने दुमका का जिलाध्यक्ष बनाया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचा रहा है। आज प्रस्तुत है कपड़ा क्षेत्र में टैक्स कटौती के प्रभाव पर हमारी संवाददाता की रिपोर्ट।

****

केंद्र सरकार द्वारा संचालित श्रम योगी मानधन योजना से साहेबगंज जिले के मजदूरों को लाभान्वित किया जा रहा है।

****

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत हजारीबाग के चुरचू प्रखंड के ग्राम जमडीहा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव ब्रिज नंदन प्रसाद ने भाग लिया। श्री प्रसाद ने कहा कि ग्रामसभा में बने प्रस्तावों पर भारत सरकार द्वारा गंभीरता से विचार किया जाएगा और आवश्यक वित्तीय सहयोग देने का प्रयास किया जाएगा।

****

जामताड़ा जिले के उपायुक्त रवि आनंद ने नाला प्रखंड के आदि सेवा केंद्र कुंजबोना में ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर अभियान को सफल बनाने की अपील की।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने सात से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि इस आयु वर्ग के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क में छूट पहली अक्टूबर से लागू की गई है और एक वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेगी।

****

खूंटी प्रखंड के राई गांव में दशाई झंडा जतरा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के कई गांवों की नृत्य मंडलियों ने हिस्सा लिया और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी संस्कृति और परंपरा को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक रामसूर्या मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना की।

****

जमशेदपुर के मानगो स्थित एक होटल में दो गैस सिलेंडरों के फटने से भीषण आग लग गई, जिसमें होटल के दो कर्मचारी झुलस गए। दोनों को गंभीर हालत में एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस और दमकल विभाग हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं।

****

राज्य के कई हिस्सों में आज दिनभर बादल छाये रहेंगे और भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश के आसार हैं इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

****

14वीं राष्ट्रीय बायथल ट्रायथल चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड की पेंटाथलॉन टीम इंदौर रवाना हुई। यह प्रतियोगिता आज से 7 अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी। झारखंड टीम में 28 खिलाड़ी और 2 प्रशिक्षक शामिल हैं।

****

अख़बारों की सुर्खियां–

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने मौसम विभाग की चेतावनी और बिहार चुनाव को लेकर बढ़ी राजनीतिक हलचल की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–बिहार विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग पर झामुमो और राजद की बैठक छह को।

दैनिक जागरण ने लिखा है–झारखंड समेत कई राज्यों में कोल्ड्रिफ कफ सीरप पर प्रतिबंध।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है–रिम्स में लैब टेक्निशियन नियुक्ति प्रक्रिया रद्द, हाईकोर्ट ने कहा– नए सिरे से शुरू करें।

हिंदुस्तान की सुर्खी है–प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली से सेतु योजना शुरू की, एक हजार आईटीआई उन्नत होंगे।

****